>

Title: Need to constitute a 'Cow Board' to protect cows in the country.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद): देश में हिन्दुओं की गायों के प्रति भक्ति भावना पर केन्द्र सरकार पर्याप्त कदम नहीं उठा रही है। हर साल कई लाख भारतीय हिन्दुओं की माता रूपी की हत्या हो रही है और हर दिन कई सैकड़ों गायों को गैर कानूनी ढंग से रेलों में और ट्रकों द्वारा सीमा के रास्ते बंगला देश में भेजा जा रहा है। सरकार इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है जिस तरह से उनकी हत्या की जाती है वह जीव जंतु पर क्रूर मजाक है। सरकार द्वारा गायों की हत्या पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है और गायों को मारकर उनके मांस को निर्यात किया जा रहा है। दूसरा लगभग सभी शाकाहारी पशुओं के विकास के लिए उनके बोर्ड बना रखे हैं, परंतु अभी तक भारतीय गाय बोर्ड नहीं बनाया गया है इससे पता लगता है कि भारत सरकार गायों के विकास एवं उनकी सुरक्षा के लिए चिंतित नहीं है।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि गायों की हत्या को प्रतिबंधित किया जाये और भारतीय गाय बोर्ड का गठन शीघ्र किया जाये।